सत्यमेव जयते

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT
& ENTREPRENEURSHIP

# COVERAGE REPORT

# 4400 candidates get job offer letters at Bijnor Kaushal Mahotsav; Jayant Chaudhary felicitates young achievers

**25th September 2024**

| S. No | Publication | Edition | Headline |
|---|---|---|---|
| **PRINT** | | | |
| 1 | Amar Ujala | Bijnor | So there will be no need for encounter: Jayant |
| 2 | Dainik Jagran | Bijnor | Fill the flight of dreams in new life : jayant |
| 3 | Dainik Janwani | Bijnor | Jayant gave appointment letters to 3500 youth |
| 4 | Hindustan | Bijnor | Employment: Jayant gave appointment letters to 3500 youth |
| 5 | Hindustan | Bijnor | Youth should join technical education, not just farming: Jayant |
| 6 | Hindustan | Bijnor | Youth jumped with joy after receiving job offer letter |
| 7 | Hindustan | Bijnor | Kaushal Mahotsav organised in Bijnor |
| 8 | India Fame | Bijnor | Jayant Chaudhary joins Bijnor Kaushal Mahotsav |
| 9 | Divya Viswa | Bijnor | 3500 appointment letters distributed under Skill Mahotsav program |
| 10 | Dainik Udayavani | Bijnor | 3500 got job offers in Bijnor |
| 11 | Aap Abhi Tak | Bijnor | Remaining candidates will also get a chance soon: Jayant Chaudhary |
| **Online** | | | |
| 1 | Dainik Bhaskar | Online | बिजनौर पहुंचे केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी:बोले- पुलिस इतनी मजबूत हो कि एनकाउंटर की जरूरत न पड़े |
| 2 | News Niwaran TV | Online | कैबिनेट मंत्री जयंत चौधरी ने बाटे नियुक्ति पत्र, और दे दिया यह बड़ा बयान । |
| 3 | Aajtak | Online | यूपी पुलिस इतनी मजबूत हो जाए कि एनकाउंटर की जरूरत ही न पड़े', बोले जयंत चौधरी 2052501-2024-09-25 |
| 4 | ETV Bharat | Online | जयंत चौधरी ने 3500 युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र, बिजनौर से कौशल महोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत - 3500 youth got employment in Bijnor |
| 5 | Patrika | Online | UP News: बिजनौर पहुंचे केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी, बोले- अपराधी अपराध करने से डरें, वर्दी का होना चाहिए डर |
| 6 | Bharat Samachar TV | Online | https://x.com/bstvlive/status/1838540541925167558 |
| 7 | DNP India | Online | Bijnor पहुँचे RLD मुखिया Jayant Chaudhary युवाओं के दिल को छूने वाला दिया भाषण ! |
| 8 | Public | Online | बिजनौर: आईटीआई कॉलेज में आयोजित कौशल महोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे आरएलडी अध्यक्ष जयंत चौधरी |
| 9 | Search India News | Online | बिजनौर में जयंत चौधरी ने बांटे नियुक्ति पत्र |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | Bandhan Samachar | Online | बिजनौर कौशल महोत्सव में पहुंचे केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने बांटे नियुक्ति पत्र \|\| |
| 11 | News Mantra | Online | 4400 candidates get job offer letters at Bijnor Kaushal Mahotsav; Jayant Chaudhary felicitates young achievers |
| 12 | India Education Diary | Online | 4400 candidates get job offer letters at Bijnor Kaushal Mahotsav; Jayant Chaudhary felicitates young achievers |
| 13 | Business News for Profit | Online | 4400 candidates get job offer letters at Bijnor Kaushal Mahotsav; Jayant Chaudhary felicitates young achievers |
| 14 | Biz News Daily | Online | 4400 candidates get job offer letters at Bijnor Kaushal Mahotsav; Jayant Chaudhary felicitates young achievers |
| 15 | PulseExpertech | Online | 4400 candidates get job offer letters at Bijnor Kaushal Mahotsav; Jayant Chaudhary felicitates young achievers |
| 16 | Sportsz | Online | 4400 candidates get job offer letters at Bijnor Kaushal Mahotsav; Jayant Chaudhary felicitates young achievers |
| 17 | Couture Fashion | Online | 4400 candidates get job offer letters at Bijnor Kaushal Mahotsav; Jayant Chaudhary felicitates young achievers |
| 18 | CineBuzz News | Online | 4400 candidates get job offer letters at Bijnor Kaushal Mahotsav; Jayant Chaudhary felicitates young achievers |

# Print

| | |
|---|---|
| **Publication** | Amar Ujala |
| **Headline** | So there will be no need for encounter: Jayant |



# तो एनकाउंटर की जरूरत ही न पड़े : जयंत

## एनकांउटर पर केंद्रीय राज्य मंत्री बोले, राजनीतिक लोगों को सोच समझ कर बात करनी चाहिए

संवाद न्यूज एजेंसी

बिजनौर। उत्तर प्रदेश पुलिस इतनी मजबूत हो जाए कि गोली चलाने की जरूरत ही न पड़े। वर्दी का डर हो और एनकाउंटर की जरूरत ना पड़े। यह बात कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चौधरी जयंत सिंह ने कही। अखिलेश यादव का नाम लिए बगैर बोले कि एनकाउंटर एक प्रक्रिया है, जिसकी जांच पूरी होने तक राजनीतिक लोगों को सोच समझकर बात करनी चाहिए।

मंगलवार को बिजनौर में कौशल महोत्सव में शामिल होने होने आए केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि युवाओं में कौशल का विकास करते हुए बड़ी संख्या में रोजगार देने की पहल बिजनौर से हुई है। देश का पहला कौशल महोत्सव यहीं पर हुआ। हरियाणा के भरतपुर में भी ऐसा ही कार्यक्रम करने जा रहे हैं।

कुशीनगर में जाली नोटों कारोबार में गिरफ्तार हुए सपा के राष्ट्रीय सचिव को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में चौधरी जयंत सिंह ने कहा कि अपराध में कोई भी शामिल है तो उस पर कार्रवाई होगी। कहा कि एनकाउंटर एक प्रक्रिया है, उसमें जांच होती है।

उपचुनाव पर बोले कि एनडीए दस सीटों पर चुनाव लड़ेगा। भाजपा और रालोद तालमेल बनाकर चुनाव लड़ेंगे। मीरापुर विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार उतारेगी या रालोद, इस सवाल पर जयंत बोले कि एनडीए दस की दस सीटों पर चुनाव लड़ेगा।

**सभी सांसदों को लिखूंगा चिट्ठी :** चौधरी जयंत सिंह ने कहा कि मैं देश के सभी लोकसभी सांसदों को चिट्टी लिखने वाला हूं। उन्हें निमंत्रण देने वाला हूं कि देश में जो तीन हजार राजकीय आईटीआई हैं, सभी सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक जनप्रतिनिधि, डीएम, सरकारी अधिकारी आईटीआई में जाएं। मेरा दरवाजा हमेशा खुला है। वे जो सुझाव देंगे, उस पर काम होगा।



कौशल महोत्सव में युवाओं को जॉब ऑफर लेटर वितरित करते केंद्रीय राज्य मंत्री चौधरी जयंत सिंह और भाजपा नेता। संवाद

### राजकीय आईटीआई में बिजनौर कौशल महोत्सव का हुआ आयोजन

### चौधरी साहब हमेशा रहे जातिवाद के विरोधी

चौधरी जयंत सिंह ने कहा कि बिजनौर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, चौधरी अजित सिंह की कर्म भूमि है। चौधरी चरण सिंह हमेशा जातिवाद के विरोधी रहे। इससे दूर रहने के लिए शिक्षा जरूरी है। अभिभावक अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाएं, उनपर नजर रखें। अब तकनीकी शिक्षा में छात्र कम रूचि रख रहे हैं। केंद्र सरकार युवाओं को और ताकत देने को तैयार है।

### ये भी रहे मंच पर मौजूद

मंच पर सांसद चंदन चौहान, पूर्व सांसद मलूक नागर, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र चौधरी, विधायक अशोक राणा, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बॉबी, रालोद जिलाध्यक्ष नागेंद्र पंवार, भाजपा नेता सीपी सिंह, ऐश्वर्या चौधरी और विनय चौधरी, अशोक चौधरी आदि मौजूद रहे।

### किसान उद्यमी बने, नई पीढ़ी को दिलाएं तकनीकी शिक्षा, रोजगार हम दिलाएंगे: सिंह

बिजनौर। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चौधरी जयंत सिंह ने राम राम जी के साथ भाषण शुरू किया। कहा कि खेती का दायरा कम हो रहा है। खेती के बिना किसानों के परिवार का जीवनयापन होना मुश्किल हो जाएगा। किसान औद्योनिक खेती करके उद्यमी बनें। साथ ही अपनी नई पीढ़ी को तकनीकी शिक्षा दिलाएं। विश्वास करें युवाओं को नौकरी हम दिलाएंगे। जयंत सिंह ने कहा कि बिजनौर जिले में अब तक बाढ़ और गुलदार की खबरें प्रकाशित होती थी। अब कौशल महोत्सव की खबर प्रकाशित होंगी। पहली बार आईटीआई के मैदान में 3500 युवाओं को प्रसिद्ध कंपनियों की ओर से जॉब ऑफिर लेटर वितरित हुए। कहा कि 13000 युवाओं ने पंजीकरण कराएं, जो रह गए हैं, वह निराश न होए, अब हमारी उन पर ही नजर है। हम नौकरी देने को तैयार है। यह कार्यक्रम एक दिन का नहीं है। कई एजेंसी, विभाग इस की तैयारी कर रहे हैं। आगे भी कई कोर्स और ऑनलाइन शुरू होंगे। संवाद

### सॉफ्ट स्किल्स प्रदान करने को दिया डिजाइन

बिजनौर। चौधरी जयंत सिंह ने कहा कि युवाओं को नौकरी देने के लिए आवश्यक सॉफ्ट स्किल्स प्रदान करने को डिजाइन किया गया। अनुभवी प्रोफेशनल द्वारा संचालित असेंबली लाइन ऑपरेटर, कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव, बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव और रिलेशनशिप ऑफिसर जैसी भूमिकाओं के लिए डोमेन स्पेसिफिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान कराएं जा रहे। एक हजार आईटीआई को सुधारने के 60 हजार करोड़ रुपये आवंटन किया गया। कहा कि वर्ष 2014 में शिक्षा का बजट 68 हजार करोड़ रुपये था। अब एक लाख 30 हजार रुपये करोड़ कर दिया गया। संवाद

### आधुनिक युग से जुड़ना चाहता है गांव का यूथ

चौधरी जयंत सिंह ने कहा कि यहां की अर्थ व्यवस्था अच्छी है। आज घर में तीन सदस्य है, तो संभव प्रयास करें कि एक दो व्यापार और नौकरी करें। कहा कि प्रीतिपाल ने पैरालिंपिक में दो पदक जीते कर कीर्तिमान स्थापित किया। मंत्रालय ने उन्हें ब्रांड एंबेसडर बनाया। जब वह यूथ के बीच पहुंचेंगी, यूथ भारत सरकार की योजनाओं से जुड़ेंगे।

### जिले से मात्र 816 की बनी आईडी

चौधरी जयंत सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने गांवों के पारंपरिक काम को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना चलाई है। योजना में बिजनौर की स्थिति देखी तो मायूस हुआ। हुनर बढ़ाने वाली योजना में पूरे देश में 20 लाख पंजीकृत है। बिजनौर से 816 योजना की आईडी ही बन पाई। उन्होंने जनप्रतिनिधि व प्रशासन से सहयोग मांगा और कहा कि लोगों को योजना से जोड़े। विभाग इसकी कार्यशाला करने का प्रयास करेगा।

| Publication | Dainik Janwani |
| --- | --- |
| Headline | Jayant gave appointment letters to 3500 youth |

# 3500 युवाओं को जयंत ने दिए नियुक्ति पत्र

## दर्जनों कंपनियों ने बिजनौर में खोले नौकरी के द्वार, कंपनियों में हजारों युवाओं ने किया आवेदन

● जनवाणी संवाददाता, बिजनौर

**बिजनौर** नगर के राजकीय आईटीआई में कौशल महोत्सव का आयोजन में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने करीब साढ़े तीन हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए। दर्जनों कंपनियों ने महोत्सव में बिजनौर के युवाओं के लिए नौकरी के द्वार खोल दिए।

मंगलवार को आईटीआई बिजनौर में कौशल महोत्सव आयोजित किया गया। इसके तहत 13 हजार युवाओं ने आवेदन किए थे। महोत्सव में केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी पहुंचे। उन्होंने कहा कि पहले बिजनौर में गुलदार व बाढ़ की खबर छपती थी। अब कौशल विकास से रोजगार मिलने की खबर छपेगी। कौशल विकास मंत्रालय ने युवाओं के लिए रोजगार के अवसर को बढ़ाया है। जयंत चौधरी ने कहा कि केंद्रीय कौशल विकास मंत्रालय की कौशल विकास योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना में बेरोजगार अपना रजिस्ट्रेशन कराकर रोजगार को शुरू कर सकते हैं। सरकार ने कौशल विकास मंत्रालय के अंतर्गत विभिन्न योजनाएं चला रखी हैं। इस दौरान राजकीय आईटीआई में देश भर की 50 से ज्यादा कंपनियों के प्रतिनिधियों ने



जयंत चौधरी।

स्टॉल लगाकर कौशल महोत्सव में युवाओं को इंटरव्यू लेकर बेरोजगार युवाओं को नौकरी के लिए चयनित किया। इस मौके पर जयंत चौधरी ने 3500 हजार युवाओं को प्राइवेट नौकरी के लिए नियुक्ति-पत्र सौंपे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में बच्चों ने आवेदन किए।

जयंत चौधरी ने कहा कि कौशल महोत्सव को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि पहले राजकीय आईटीआई में रोजगार मेले लगाए जाते थे। इसमें चंद कंपनी आती थी। युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिलते थे। सरकार ने कौशल विकास मंत्रालय की कौशल विकास योजना से राजकीय आईटीआई में कौशल महोत्सव महोत्सव कराया जा रहा है। इसमें बेरोजगार युवाओं को नौकरी का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस कौशल महोत्सव में दर्जनों कंपनियों ने भाग लिया। कंपनियों ने अपने स्टाल लगाकर आवेदन किए गए युवाओं का इंटरव्यू लिया। उन युवाओं का आगे अवसर दिए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा देश के सभी सांसद व जन प्रतिनिधि को एक लेटर जारी कर बताया जाएगा कि वह राजकीय आईटीआई में जाकर का भ्रमण करें। वहां पर पता करें कि कितने कोर्स संचालित है। देश की एक हजार आई टी आई से युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए फीड बैक मांगा जाएगा। सरकार युवाओं को ताकत देने के लिए कौशल महोत्सव कराई जा रहे हैं। भारत सरकार की पीएम विश्वकर्म योजना में कारीगर से लेकर उद्यमी तक किस्मत अजमा सकते हैं। विश्वकर्म योजना की साइड पर जाकर चेक किया गया तो बिजनौर में 816 लोगों की ही पीएम विश्वकर्मा पर आईडी बनी पाई गई। जयंत चौधरी ने प्रशासन राजनीतिक सामाजिक संगठनों लोगों से सहयोग मागा। सरकार ने महत्वाकांक्षी की योजनए गांव के मूलभूत ढांचे के लोग तक पहुंचे। इस अवसर पर डीएम अंकित अग्रवाल, सांसद चंदन चौहान, विधायक अशोक राणा, ऐश्वर्या मौसम, रालोद जिला अध्यक्ष नागेंद्र पवार, भूपेंद्र चौहान जिला अध्यक्ष भाजपा, नगर पालिका अध्यक्ष इंद्रा सिंह आदि रहे।




युवाओं को नियुक्ति पत्र देते।



महोत्सव में शामिल अतिथिगण।

### इन कंपनियों ने लगाए स्टॉल

मेगा भर्ती अभियान में बिजनौर और आस-पास के क्षेत्रों के युवाओं की भर्ती के लिए उद्योग जगत के प्रमुख नाम कतार में खड़े हुए। पर्यटन एवं आतिथ्य, लॉजिस्टिक्स, खाद्य प्रसंस्करण, आईटी-आईटीईएस, ऑटोमोटिव, बीएफएसआई और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे उद्योगों से जुड़े बर्गर किंग, जेप्टो, क्वेस कॉर्प, फ्लिपकार्ट, जुबिलेंट फूड्स, बारबेक्यू नेशन, विजन इंडिया और युवा शक्ति फाउंडेशन जैसी कंपनियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। टेलीहेल्थ सर्विसेज कोऑर्डिनेटर, फील्ड टेक्नीशियन नेटवर्किंग एंड स्टोरेज, केबलिंग टेक्नीशियन, ट्रेडिशनल हैंड एम्ब्रॉयडर, बैटरी सिस्टम असेंबली ऑपरेटर, जेनेटिक काउंसलर, मेडिकल इक्विपमेंट असिस्टेंट (बेसिक क्लिनिकल इक्विपमेंट), सोलर एलईडी टेक्नीशियन और प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट जैसी भूमिका में कुल 11,279 उम्मीदवारों को नियुक्त किया गया।

| Publication | Hindustan |
|---|---|
| Headline | Employment: Jayant gave appointment letters to 3500 youth |




## रोजगार : जयंत ने 3500 युवाओं को दिया नियुक्ति पत्र

**बिजनौर।** मंगलवार को बिजनौर की राजकीय आईटीआई में आयोजित कौशल महोत्सव में केंद्रीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने 3500 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस दौरान जयंत ने किसानों से भी आह्वान किया कि आज खेती से गुजारा नहीं होगा, इसलिए अपने बच्चों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ें। युवा भारत का वर्तमान और भविष्य हैं। सपनों की लंबी उड़ान भरो, तरक्की कदम चूमेंगी। महोत्सव में 50 से ज्यादा कंपनियों ने स्टॉल लगाए और सात हजार युवाओं के साक्षात्कार लिए गए। देखें P02

**50** से ज्यादा कंपनियों ने स्टॉल लगाए

**07** हजार युवाओं के साक्षात्कार हुए

| Publication | Hindustan |
|---|---|
| Headline | Kaushal Mahotsav organised in Bijnor |

## कौशल महोत्सव का आयोजन किया

**मुफ्फरनगर।** कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय अपने रणनीतिक कार्यान्वयन और नॉलेज पार्टनर राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के साथ 24 सितंबर को बिजनौर में कौशल महोत्सव की मेजबानी करेगा ऑटोमोटिव, आईटी, आतिथ्य, वित्तीय सेवाओं और आईटीईएस की लगभग 50 कंपनियां मेगा भर्ती अभियान में भाग लेंगी।

| **Publication** | Hindustan |
|---|---|
| **Headline** | Youth should join technical education, not just farming: Jayant |

### राजकीय आईटीआई में आयोजित कौशल महोत्सव में पहुंचे केंद्रीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जयंत चौधरी ने जॉब ऑफर लेटर बांटे

# सिर्फ खेती नहीं, तकनीकी शिक्षा से जुड़ें युवा : जयंत

**आह्वान**

बिजनौर, वरिष्ठ संवाददाता। किसान खेती में मेहनत तो खूब करते हैं, लेकिन आज खेती से गुजारा नहीं होगा, इसलिए अपने बच्चों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ें। आज का यूथ आधुनिक युग से जुड़ना चाहता है, तकनीकी शिक्षा का अलग ही योगदान है।

मंगलवार को बिजनौर की राजकीय आईटीआई में आयोजित कौशल महोत्सव में केंद्रीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने युवाओं को तकनीकी शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि युवा भारत का वर्तमान और भविष्य हैं। सपनों की लंबी उड़ान भरो, तरक्की कदम चूमेगी। केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने कौशल महोत्सव में युवाओं को जॉब ऑफर लेटर वितरित किए। महोत्सव में 50 से ज्यादा कंपनियों ने स्टॉल लगाए और सात हजार युवाओं के साक्षात्कार हुए जबकि 3500 युवाओं को जॉब ऑफर लेटर मिले।

**पहले बाढ़ और गुलदार की खबरें छपती थीं, अब कौशल महोत्सव की छपेंगी:** कौशल महोत्सव में मुख्य अतिथि कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने राम राम से अपने संबोधन की शुरूआत की। उन्होंने जॉब ऑफर लेटर मिलने वाले युवाओं को बधाई दी और जो युवा वंचित रह गए उनका हौसला बढ़ाया, कहा कि ऐसे युवाओं से संवाद जारी रहेगा, बस वे खुद को बेहतर बनाएं। जयंत चौधरी ने कहा कि बिजनौर में अब तक बाढ़ और गुलदार की खबर छपती थी लेकिन अब कौशल महोत्सव की छपेंगी।

कहा कि अब तक युवा नोएडा और दिल्ली में बड़ी बड़ी कम्पनी खोजा करते थे लेकिन अब वहीं कंपनियां आपके द्वार पर आ गई है। कहा कि चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजित सिंह की इच्छा थी कि ग्रामीण भारत की प्रतिभा को सम्मान और सही मंच मिले।

आज का युवा आधुनिक युग से जुड़ना चाहता है, अब खाली खेती से गुजारा नहीं होगा। केंद्रीय मंत्री ने आह्वान किया कि अपने बच्चों को व्यापार से लेकर अन्य कारोबार में लगाएं। बच्चों को तकनीकी शिक्षा दिलाएं, तकनीकी शिक्षा का अलग ही योगदान और महत्व है।

उन्होंने अपने भाषण में प्रीतिपाल द्वारा दो मेडल जीतकर कीर्तिमान स्थापित करने और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का भी जिक्र किया। केन्द्रीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जयंत चौधरी ने कहा कि सभी सांसद और जनप्रतिनिधियों को चिट्ठी लिखेंगे कि वह 3 हजार सरकारी आईटीआई जाएं और अपना सुझाव दें ताकि भारत सरकार उनके सुझाव पर काम कर सकें।





मंगलवार को बिजनौर के आईटीआई में आयोजित कौशल महोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते को संबोधित करते केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी।

### एनकाउंटर पर बोले बयानबाजी से बचें सियासी लोग

क्राइम में अगर कोई शामिल है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। योगी जी का शासन कानून व्यवस्था को लेकर गंभीरता से काम करता है। एनकाउंटर को लेकर अखिलेश के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए जयंत ने कहा कि एनकाउंटर एक प्रक्रिया है जिसकी जांच होती है, जबतक जांच पूरी न हो जाए सियासी लोगों को बयानबाजी से बचना चाहिए।

### आईटीआई सुधार के लिए सात हजार करोड़ का बजट

केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि एक हजार आईटीआई सुधार के लिए सात हजार करोड़ बजट में रखा गया है। 2014 में शिक्षा पर 68 हजार करोड़ खर्च होता था, आज 1 लाख 30 हजार करोड़ का बजट है। कौशल महोत्सव एक दिन का कार्यक्रम नहीं है, पर्दे के पीछे विभिन्न एजेंसियों ने काम किया है। कंपनियों ने रजिस्ट्रेशन कराया तो करीब 13 हजार युवाओं ने आवेदन किए। युवाओं को स्किल की ट्रेनिंग दी गई और 3500 युवाओं को जॉब ऑफर लेटर दिए गए।

### ये रहे मौजूद

प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल, सांसद चंदन चौहान, जिलाध्यक्ष भाजपा भूपेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष रालोद नागेन्द्र पंवार, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक अशोक राणा, भाजपा वरिष्ठ नेता ऐश्वर्य चौधरी मौसम, कर्नल महेन्द्र सिंह सीईओ एनएसडीसी, डीएम अंकित कुमार अग्रवाल, सीडीओ पूर्ण बोरा, पूर्व सांसद मलूक नागर, पूर्व आईएएस प्रभात कुमार, चेयरपर्सन पालिका इंदिरा सिंह, पूर्व विधायक रालोद सुखवीर सिंह, पूर्व सांसद मुंशीराम पाल, सीपी सिंह आदि मौजूद रहे।

| | |
|---|---|
| **Publication** | Hindustan |
| **Headline** | Youth jumped with joy after receiving job offer letter |

www.livehindustan.com
हिन्दुस्तान मेरठ बुधवार 25 सितंबर 2024 02

# जॉब ऑफर लेटर मिलते ही खुशी से उछल पड़े युवा

**बिजनौर।** राजकीय आईटीआई में कौशल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतिष्ठित कम्पनियों ने युवाओं के साक्षात्कार लिए और युवाओं को जॉब ऑफर लेटर वितरित किए गए। युवा जॉब ऑफर लेटर पाकर खुशी से उछल पड़े। जॉब ऑफर लेटर लेने वाले युवाओं से बात की गई तो उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है कि नौकरी मिल गई है। उन्होंने बताया कि एनएसडीसी के अंतर्गत चल रहे जॉब रेडिनेस प्रोग्राम में प्रशिक्षण लिया है। युवाओं से बात की गई तो उन्होंने कुछ इस तरह अपनी प्रतिक्रिया दी...



एक्शन कंस्ट्रक्शन कम्पनी ने जॉब ऑफर लेटर दिया है। मैंने आईटीआई की है और 14500 रुपये की नौकरी मिली है। जॉब ऑफर लेटर मिलने से बहुत खुशी मिली है। - **राजकुमार**



मैं मीरापुर का रहना वाला हूं। प्रतिभाशाली युवाओं को नौकरी के अच्छे अवसर मिल रहे हैं। मुझे जॉब ऑफर लेटर मिल गया है। लेटर के मुताबिक 16400 की नौकरी मिली है।- **दानिश सैफी।**



बड़ी-बड़ी कम्पनियों ने युवाओं को काम करने का मौका दिया है। ऐसा पहली बार हो रहा है कि बड़ी संख्या में कम्पनियों ने बिजनौर में डेरा डाला है। युवाओं के नौकरी के सपने पूरे हो रहे हैं।

- **विकास कुमार।**



प्रसिद्ध कम्पनी युवाओं को साक्षात्कार कर रही है और उन्हें जॉब ऑफर लेटर दे रही है। प्रतिभाशाली युवाओं को नौकरी मिलने से अब कोई नहीं रोक सकता है। कम्पनियों ने स्टॉल लगाकर युवाओं को नौकरी दी है। - **सुभाष कुमार।**

| Publication | India Fame |
|---|---|
| Headline | Jayant Chaudhary joins Bijnor Kaushal Mahotsav |

# बिजनौर में कौशल मोहत्सव में शामिल हुए चौ. जयंत

●इंडिया फेम




**बिजनौर** बिजनौर जनपद के राजकीय आईटीआई संस्थान में मंगलवार को आयोजित कौशल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी शामिल होने पहुंचे हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जयंत चौधरी कौशल महोत्सव में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण करेंगे। नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन उप महाप्रबंधक सुमित कुमार सिंह ने बताया कि कौशल महोत्सव में बड़ी संख्या में बेरोजगारों को रोजगार के लिए प्रमाण पत्र सौंपेंगे।

| Publication | Divya Vishwas |
|---|---|
| Headline | 3500 appointment letters distributed under Skill Mahotsav program |

# कौशल महोत्सव कार्यक्रम के तहत वितरित किए 3500 नियुक्ति पत्र




दिव्य विश्वास। संवाददाता

बिजनौर। केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी आईटीआई कालेज कौशल महतोसव कार्यक्रम में युवाओं को नियुक्ति पत्र बाटने पहुंचे थे।जयंत ने मंच से कहा की बिजनौर से दो ही खबर छपती थी बाढ़ और गुलदार की।अब खबर छपेगी कौशल महोत्सव बिजनौर कार्यक्रम की। इससे पहले भी रोजगार मिलते थे लेकिन फीडबैक लेकर सुधार करने के लिए चर्चा की इंडस्ट्री के लोग आते हैं कि हमें स्किल मैनपॉवर नहीं मिल रही। पहले लोग कहते थे की हम किस डिग्री पर किस क्षेत्र के नौजवान पर विश्वास करें। नाली सड़क और अन्य मुद्दों की बात तो होती है लेकिन जनप्रतिनिधियों पर बच्चों की नौकरी का भी दबाव था। इसलिए हमने इस तरीके का आयोजन करके सुधार किया है और पहले रोजगार मिले।अब अलग-अलग एजेंसी ने एक साथ काम किया है।

एक महीने के अंदर हमने रजिस्ट्रेशन खोल 13000 युवकों ने पंजीकरण कराया। 40 घंटे का कार्यक्रम उनके लिए बनाया गया। बच्चों को ट्रेनिंग दी गई। फिर कंपनी वालों को बुलाया गया। आज 3500 युवाओं को नियुक्ति का लेटर मिला है।

उधर यूपी के कुशीनगर में जाली नोट का कारोबार करने वाले एक बड़े अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने इस मामले में सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रफी खान उर्फ 'बबलू' समेत 10 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से जाली नोटो के साथ अवैध हथियार का जखीरा भी मिला है।जिसके बाद हड़कंप मच गया।इस सवाल पर जयंत चौधरी ने कहा की क्रांइम हैं।क्रांइम में जो भी इन्वॉल्वड होंगे उन पर कार्यवाही होंगी। इसमें कोई शक नहीं कर सकते कि योगी जी का क़ानून गंभीरता से काम करता हैं।

यूपी मे हो रहे लगातार एनकाउंटर पर सपा मुखिया अखलेश यादव एनकाउंटर पर सवाल उठा रहे हैं। इस सवाल के उत्तर मे जयंत ने जवाब दिया कि एनकाउंटर एक कानूनी प्रक्रिया के तहत अपराध कि जाँच के बाद होता हैं। राजनितिक लोगो को सोच समझ कर बात करनी चाहिए बचके बात करनी चाहिए। यूपी पुलिस इतनी मजबूत होनी चाहिए कि अपराधियों मे ख़ौफ़ हो, वर्दी को देखकर अपराधी खुद ही धराशाई हो जाये। ताकि एनकाउंटर करने की जरूरत ही ना पड़े।

वही उपचुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर RLD को कितनी सीट मिलेगी इस पर मुखिया जयंत चौधरी ने कहा NDA दस सीटों पर लड़ेगी।RLD को कितनी सीट मिलेंगी इस पर जयंत ने कोई भी जवाब मीडिया को नहीं दिया।

| Publication | Dainik Udayavani |
| --- | --- |
| Headline | 3500 got job offers in Bijnor |

अमृत हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया

दी। मामला बढ़ता देख एसडीएम

प्रयास किया गया।

# बिजनौर में 3500 को मिले नौकरी के प्रस्ताव

## भारत सरकार के शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने और अवसर देने का किया वादा

उदयवाणी संवाददाता



**बिजनौर।** बिजनौर में मंगलवार को कौशल महोत्सव में 3,500 उम्मीदवारों को रोजगार की पेशकश की गई। यह आयोजन एक महीने तक चलने वाले जॉब रेडिनेस प्रोग्राम के बाद हुआ, जिसमें बिजनौर जिले के 13,500 से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया था। कई उम्मीदवारों ने मौके पर ही साक्षात्कार में भाग लिया। जिसके परिणाम में 3,500 जॉब ऑफर लेटर जारी किए गए।

कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री और भारत सरकार के शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने भविष्य में ऐसे और अधिक अवसर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

कौशल महोत्सव के दौरान 3,500 उम्मीदवारों को नौकरी के प्रस्ताव प्राप्त होते देखकर मंत्री ने कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय युवाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बिजनौर को कुशल कार्यबल विकास के लिए एक केंद्रीय केंद्र के रूप में स्थापित करना है, जो जिले के शैक्षणिक संस्थानों का लाभ उठाता है जो योग्य उम्मीदवारों का एक निरंतर प्रवाह तैयार करते हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार के कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा मंत्री, कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि स्कौशल भारत मिशन के हिस्से के रूप में, सरकार बिजनौर जैसे क्षेत्रों के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो आज के प्रतिस्पर्धी माहौल में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल के साथ उभर रहे आर्थिक केंद्र हैं।

| Publication | Aap Abhi Tak |
|---|---|
| Headline | Remaining candidates will also get a chance soon: Jayant Chaudhary |



## कौशल महोत्सव कार्यक्रम के तहत 3500 नियुक्ति पत्र किए वितरित

# शेष अभ्यर्थियों को भी मिलेगा जल्द मौका : जयंत चौधरी

संवाददाता (आप अभी तक)

**बिजनौर।** बिजनौर केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी आईटीआई कालेज कौशल महोत्सव कार्यक्रम में युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटने पहुंचे थे। जयंत ने कहा कि बिजनौर से दो ही खबर छपती थी बाढ़ और गुलदार की। अब खबर छपेगी कौशल महोत्सव बिजनौर कार्यक्रम की। इससे पहले भी रोजगार मिलते थे लेकिन फीडबैक लेकर सुधार करने के लिए चर्चा की इंडस्ट्री के लोग आते हैं कि हमें स्किल मैनपॉवर नहीं मिल रही। पहले लोग कहते थे की हम किस डिग्री पर किस क्षेत्र के नौजवान पर विश्वास करें। नाली सड़क और अन्य मुद्दों की बात तो होती है लेकिन जनप्रतिनिधियों पर बच्चों की नौकरी का भी दबाव था। इसलिए हमने इस तरीके का आयोजन करके सुधार किया है और पहले रोजगार मिले। अब अलग-अलग एजेंसी ने एक साथ काम किया है।एक महीने के अंदर हमने रजिस्ट्रेशन खोल 13000 युवकों ने पंजीकरण कराया। 40 घंटे का कार्यक्रम उनके लिए बनाया गया। बच्चों को ट्रेनिंग दी गई। फिर कंपनी वालों को बुलाया गया। आज 3500 युवाओं को नियुक्ति का लेटर मिला है।

उधर यूपी के कुशीनगर में जाली नोट का कारोबार करने वाले एक बड़े अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने इस मामले में सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रफी खान उर्फ 'बब्लू' समेत 10 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से जाली नोटों के साथ अवैध हथियार का जखीरा भी मिला है।जिसके बाद हड़कंप मच गया।इस सवाल पर जयंत चौधरी ने कहा की क्राइम है क्राइम में जो भी इन्वॉल्वड होंगे उन पर कार्यवाही होगी। इसमें कोई शक नहीं कर सकते कि योगी जी का कानून गंभीरता से काम करता है। यूपी में हो रहे लगातार एनकाउंटर पर सपा मुखिया अखिलेश यादव एनकाउंटर पर सवाल उठा रहे हैं। इस सवाल के उत्तर में जयंत ने जवाब दिया कि एनकाउंटर एक कानूनी प्रक्रिया के तहत अपराध कि जांच के बाद होता हैं। राजनैतिक लोगो को सोच समझ कर बात करनी चाहिए बचके बात करनी चाहिए। यूपी पुलिस इतनी मजबूत होनी चाहिए कि अपराधियों मे खौफ हो,वर्दी को देखकर अपराधी खुद ही धराशाई हो जाये। ताकि एनकाउंटर करने की जरूरत ही ना पड़े।

वही उपचुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर RLD को कितनी सीट मिलेगी इस पर मुखिया जयंत चौधरी ने कहा NDA दस सीटों पर लड़ेगी।RLD को कितनी सीट मिलेगी इस पर जयंत ने कोई भी जवाब मीडिया को नहीं दिया।

# Online

| Publication | Dainik Bhaskar |
|---|---|
| Headline | बिजनौर पहुंचे केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी:बोले- पुलिस इतनी मजबूत हो कि एनकाउंटर की जरूरत न पड़े |




| Publication | News Niwaran |
|---|---|
| Headline | कैबिनेट मंत्री जयंत चौधरी ने बाटे नियुक्ति पत्र, और दे दिया यह बड़ा बयान । |



| Publication | AajTak |
|---|---|
| Headline | [यूपी पुलिस इतनी मजबूत हो जाए कि एनकाउंटर की जरूरत ही न पड़े', बोले जयंत चौधरी 2052501-2024-09-25] |

## 'यूपी पुलिस इतनी मजबूत हो जाए कि एनकाउंटर की जरूरत ही न पड़े', बोले जयंत चौधरी

सुल्तानपुर कांड के बदमाशों के एनकाउंटर को लेकर केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि यूपी पुलिस इतनी मजबूत हो जाए कि एनकाउंटर की जरूरत ही न पड़े. बदमाश पुलिस की वर्दी से ही खौफ खाएं.


ADVERTISEMENT







| Publication | ETV Bharat |
|---|---|
| Headline | [यजयंत चौधरी ने 3500 युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र, बिजनौर से कौशल महोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत - 3500 youth got employment in Bijnor]() |

# जयंत चौधरी ने 3500 युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र, बिजनौर से कौशल महोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत - 3500 youth got employment in Bijnor

By ETV Bharat Uttar Pradesh Team
Published : Sep 24, 2024, 6:40 PM IST

2 Min Read

बिजनौर में आयोजित कौशल महोत्सव कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने 3500 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए. इस मौके पर एनकाउंटर पर कहा कि यूपी पुलिस इतनी मजबूत होनी चाहिए कि अपराधियों में खौफ हो, वर्दी को देखकर अपराधी खुद ही धराशाई हो जाये, ताकि एनकाउंटर करने की जरूरत ही ना पड़े.



| Publication | Patrika |
| --- | --- |
| Headline | UP News: बिजनौर पहुंचे केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी, बोले- अपराधी अपराध करने से डरें, वर्दी का होना चाहिए डर |

## UP News: बिजनौर पहुंचे केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी, बोले- अपराधी अपराध करने से डरें, वर्दी का होना चाहिए डर

> UP News Today: यूपी के बिजनौर के आईटीआई मैदान में आयोजित कौशल महोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री और राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

बिजनौर • Sep 25, 2024 / 08:18 am • Mohd Danish



| Publication | Bharat Samachar TV |
|---|---|
| Headline | https://x.com/bstvlive/status/1838540541925167558 |

भारत समाचार | Bharat Samachar
@bstvlive

बिजनौर

➡️कौशल महोत्सव कार्यक्रम में जयंत चौधरी ने लिया भाग

➡️कुशीनगर जाली नोट मामले में जयंत चौधरी का बयान

➡️'क्राइम तो क्राइम है जो भी शामिल होगा कार्रवाई होगी'

➡️पुलिस इतनी मजबूत होनी चाहिए

➡️अपराधियों में पुलिस का खौफ होना चाहिए- जयंत

➡️इतना खौफ हो की अपराधी खुद ही धराशाई हो जाए-जयंत

#Bijnor @jayantrld

Translate post



| Publication | DNP India |
|---|---|
| Headline | Bijnor पहुँचे RLD मुखिया Jayant Chaudhary युवाओं के दिल को छूने वाला दिया भाषण ! |



| Publication | Public |
|---|---|
| Headline | बिजनौर: आईटीआई कॉलेज में आयोजित कौशल महोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे आरएलडी अध्यक्ष जयंत चौधरी |



| Publication | Search India News |
|---|---|
| Headline | बिजनौर में जयंत चौधरी ने बांटे नियुक्ति पत्र |



बिजनौर में जयंत चौधरी ने बांटे नियुक्ति पत्र

| | |
|---|---|
| **Publication** | Bandhan Samachar |
| **Headline** | बिजनौर कौशल महोत्सव में पहुंचे केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने बांटे नियुक्ति पत्र || |




बिजनौर कौशल महोत्सव में पहुंचे केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने बांटे नियुक्ति पत्र ||

| Publication | News Mantra |
|---|---|
| Headline | [4400 candidates get job offer letters at Bijnor Kaushal Mahotsav; Jayant Chaudhary felicitates young achievers] |

# 4400 candidates get job offer letters at Bijnor Kaushal Mahotsav; Jayant Chaudhary felicitates young achievers

by Newsmantra September 25, 2024

SHARE 0



| | |
|---|---|
| **Publication** | India Education Diary |
| **Headline** | 4400 candidates get job offer letters at Bijnor Kaushal Mahotsav; Jayant Chaudhary felicitates young achievers |



NATIONAL NEWS

## 4400 Candidates Get Job Offer Letters At Bijnor Kaushal Mahotsav; Jayant Chaudhary Felicitates Young Achievers

# END